NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH



aglasem.com

Class : 6th

Language : Hindi

Subject : Social-Science-Geography

Chapter : 6

Chapter Name : पृथ्वी के प्रमुख स्थलरूप

Book Name : पृथ्वी : हमारा आवास

Q1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।

(i) प्रमुख स्थलरूप कौन-कौन से हैं?

Answer. प्रमुख स्थलरूप निम्नलिखित है :-

पर्वत

पठार

मैदान

Page : 48 , Block name : Short answer question

(ii) पर्वत एवं पठार में क्या अंतर है?

Answer. पर्वत और पठार में अंतर :-

aglasem.com

पर्वत	पठार
यह पृथ्वी की सतह की प्राकृतिक ऊंचाई है	यह एक उठी हुई सपाट भूमि होती है।
यह आस पास के क्षेत्रों से ऊँचा होता है	यह आस पास के क्षेत्रों से अधिक उभारप्रद होता है।

यहाँ की जलवायु कठोर होती है।	यहाँ की जलवायु पर्वत की जलवायु की अपेक्षा अधिक अनुकूल होती है।
पर्वत का शीर्ष छोटा तथा आधार बड़ा होता है जो खडी़ ढलानो के आकार मे पाया जाता है।	इसका ऊपरी भाग सपाट के समान होता है तथा एक से ज़्यादा किनारे हो सकते हैं।

Page : 48 , Block name : Long answer question

(iii) पर्वतों के विभिन्न प्रकार कौन-कौन से हैं?

Answer. पर्वत निम्नलिखित तीन प्रकार के होते हैं :-

1. वलित पर्वत
2. ज्वालामुखी पर्वत
3. भ्रंशोथ्य पर्वत

Page : 48 , Block name : Short answer question

(iv) मनुष्यों के लिए पर्वत किस प्रकार उपयोगी है?

Answer. मनुष्यों के लिए पर्वत अत्यन्त उपयोगी है -

1. पर्वतों में स्थित हिमानियां नदियों का स्रोत होती है।
2. पर्वतों द्वारा बादलों को रोका जाता है जिससे वर्षा होती है।
3. पर्वतों के जल का उपयोग सिंचाई और बिजली के उत्पादन में किया जाता है।
4. इसकी घाटियाँ एवं वेदिकायें कृषि के लिए उपयुक्त होती हैं।
5. पर्वत से मनुष्य को अलगअलग प्रकार की वनस्पतियाँ , गोंद , ईंधन , रेजिन इत्यादि मिलते हैं।
6. मनुष्य यहाँ बहुत सारे खेल जैसे - पैराग्लाइडिंग , रिवर राफ्टिंग तथा स्कीईंग खेलते हैं।

Page : 48 , Block name : Long answer question

(v) मैदानों का निर्माण किस प्रकार होता है?

Answer. जब नदियाँ पर्वतों के ढाल पर नीचे की ओर बहती है तब वह ढाल पर पदार्थों को अपरदित कर देती हैं। फिर वे अपरदित पदार्थों अपने साथ बहाते हुए आगे ले जाती हैं। जब नदियां समतल स्थानों में पहुँचती हैं तो उनका बहाव कम होने लगता है और अपने साथ लाए हुए अपरदित पत्थर, बालू और सिल्ट को निक्षेपित कर देती हैं। इन्हीं निक्षेपों से मैदानों का निर्माण होता है।

Page : 48 , Block name : Long answer question

(vi) नदियों द्वारा निर्मित मैदान सघन जनसंख्या वाले होते हैं , क्यों?

Answer. नदियों द्वारा निर्मित मैदान मनुष्य के रहने के लिए सबसे अधिक उपयोगी क्षेत्र होते हैं क्योंकि, मकानों के बनाने और खेती के लिए यहाँ उपजाऊ ज़मीन एवं मिट्टी उपलब्ध होती है साथ ही जमीन के नीचे पानी भी मौजूद रहता है। अतः नदियों द्वारा निर्मित मैदान सघन जनसंख्या वाले होते है।

Page : 48 , Block name : Short answer question

(vii) पर्वतों में जनसंख्या कम होती है , क्यों?

Answer. पर्वतों पर जलवायु कठोर होती है। यातायात बहुत दुर्गम होता है जोकि मनुष्य के रहने की लिए अनुकूल नहीं है। अतः पर्वतों पर जनसंख्या कम होती है।

Page : 48 , Block name : Short answer question

Q2 सही उत्तर चिह्नित (✔) कीजिए।

(i) पर्वत पठारों से भिन्न होते हैं-

क. ऊँचाई ख. ढाल ग. अभिमुखता

(ii) हिमानी कहाँ पाई जाती है?

क. पर्वतों में ख. मैदानों में ग. पठारों में

(iii) दक्कन पठार कहाँ स्थित है?

क. केन्या ख. ऑस्ट्रेलिया ग. भारत

(iv) यांगत्से नदी कहाँ बहती है?

क. दक्षिण अमेरिका ख. ऑस्ट्रेलिया ग. चीन

(v) यूरोप की एक महत्वपूर्ण पर्वत श्रृंखला कौन-सी है?

क. एंडीज़ ख. आल्प्स ग. रॉकीज़

Answer.(i) क

(ii) क

(iii) ग

(iv) ग

(v) ख

Page : 48 , Block name : multiple choice questions

Q3. खाली स्थान भरें।

aglasem.com

(i) समतल भूमि वाले विस्तृत क्षेत्र को _____ कहते हैं।

(ii) हिमालय एवं आल्प्स _____ पर्वतों के उदाहरण हैं।

(iii) _____ क्षेत्रों में खनिजों की प्रचूरता होती है।

(iv) _____ पर्वतों का एक क्रम है।

(v) _____ क्षेत्र कृषि के लिए सबसे अधिक उत्पादक क्षेत्र होते हैं।

Answer.(i) मैदान

(ii) युवा वलित

(iii) पठार

(iv) श्रृंखला

(v) मैदानी

Page : 48 , Block name : Very short answer questions

aglasem.com